हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

13 अंतिम छोर के व्यक्ति को केंद्र सरकार की योजना...



14 भवन का निर्माण कार्य अधूरा, कमार जनजाति...





# सुबह-सुबह पैदल निकले विधायक, बड़ों को किया प्रणाम और पूछी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

आजादी के 77 साल बाद राजिम को ऐसा विधायक मिला है जो सुबह-सुबह पैदल चलते हुए अब मुहल्ले में घुमते हुए एक-एक घरो में रूककर लोगों से समस्याएं पूछने लगे है। रविवार सुबह अपने घरो के सामने विधायक रोहित साहू को देखकर लोग न केवल आश्चर्यचकित रह गए बल्कि दिल खोलकर मन की बात कहने लगे। आज तक होता यह था कि चुने हुए विधायक के घर पहुंचकर लोगों को अपनी समस्याओं को सामने रखना पड़ता था। राजिम मुख्यालय के वार्ड में वे सुबह-सुबह भ्रमण के लिए निकल गए। शहर के डोभापारा, फांसपारा,थानापारा से शुरूआत किया। वे एक-एक घरों में जाकर अपने से बड़ो का प्रणाम किया तथा छोटे का हाल-चाल जाना और समस्या के बारे में पूछते रहे कि इधर कोई समस्या तो नहीं है? थानापारा में नल में पानी भर रही महिलाओं से पूछा कि क्या बात है दीदी सब बढ़िया है न? जवाब मिला भैया, पानी सप्लाई वाले पाइप फूट गया है जिसके कारण परेशानी होती है। बरसात में तो गली में ही पानी भर जाता है। इतने में विधायक ने कहा कि चिंता मत करो, आपने भाजपा को जिताया है अब सारी समस्याओं का समाधान होगा।

वहीं राजिम में कुछ विधायक तो व्हीव्हीआईपी रहे है जो यहां से 45 किमी दूर राजधानी रायपुर में निवास करते रहे उनसे मुलाकात करने में लोगों का एक तरह से पसीना छुट जाया करता था। ऐसा नहीं है कि राजिम क्षेत्र के लोगों ने इससे पहले स्थानीय लोगों को विधायक ⏭ शेष पेज 13 पर

अलग खबर

**डोभापारा, फांसपारा व थानापारा लोगों ने बताई अपनी समस्याएं**





**हमने जिसे मुखिया बनाया, वे हमारी चिंता कर रहे :** आम जनता के हाल-चाल जानने के लिए विधायक रोहित साहू का घर-घर जाकर संपर्क करना लोगों को खूब भाया। आज दिन भर यही चर्चा होती रही कि हमने जिसे क्षेत्र का मुखिया बनाया हैं वे हमारी चिंता कर रहे हैं इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। विधानसभा में कई विधायक बने हैं लेकिन रोहित साहू दो कदम आगे बढ़कर लोगों से मिलने का काम शुरू किया है यह तारीफे काबिल है आमतौर पर समस्या को लेकर लोग विधायक के निवास जाते हैं लेकिन यह विधायक ऐसा है की सीधे जनता के पास ही पहुंच रहे हैं। चर्चा में लोग कह रहे कि विधानसभा क्षेत्र में यदि ऐसे ही पहुंचेंगे तो निश्चित रूप से क्षेत्र का और लोगों का भला होगा।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल में कशिश ने जीता ब्रांज मेडल



**गरियाबंद।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी कशिश सिन्हा भारत सरकार खेल प्राधिकरण वालीवाल के लिए चयनित हुई। जिससे साईं द्वारा आल इंडिया इंटर साईं वालीवाल में ब्रांज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। साथ ही 67 वें स्कूल स्तरीय नेशनल गेम त्रिचनापल्ली में भाग लेकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। साथ ही यह बेटी अब खेलों इंडिया में भी भाग लेकर गरियाबंद जिले का नाम रोशन करेंगी साथ ही खेल जगत में एक मुकाम हासिल करेगी। कशिश सिन्हा शुरू से ही चाहे वह पेंटिंग हो, क्राफ्ट हो, रंगोली, मेंहदी, डांसिंग और भी अन्य विधाओं में भी निपुण हैं। साथ ही पढ़ाई में भी अव्वल रही है। उनके पालक , शिक्षक और परिवार जन और नगरवासी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने कोच हरमेश चावड़ा, अभय गणोरकर, कोच सचिन गुमास्ता, कोच तेजपाल कुकरेज़ा, विकाश रोहरा, प्रकास सरवैय्या, ललित साहू, छगन यादव, प्रीत सोनी व अन्य खिलाड़ियों ने उन्हें बाधाई दी।

### प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने प्रतिबंधित नशीली सिरप मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से 11 जनवरी को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन चौक गेट नंबर-2 के पास 3 अलग-अलग दोपहिया वाहन में सवार कुछ लड़के अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखे हुए हैं, जिसे बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर वाहन सवार 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 114 शीशी प्रतिबंधित नशीली कोडिलेक्स सिरप बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने नकद 21 हजार 660 रुपए एवं 9 नग मोबाइल तथा 3 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। आरोपियों में मो. साजिद खान निवासी बैजनाथपारा, मो. वसीम मेमन निवासी गोफिया चौक नयापारा, साजिद रजा निवासी संजयनगर टिकरापारा एवं अभिजीत वाजपेयी निवासी भावना नगर खम्हारडीह के रूप में की गई।

## विकास : ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा कर किया शुभारंभ

# आजादी के 75 वर्षों बाद गोबरा में पहुंची बिजली की रोशनी, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति ग्रामीणों ने जताया आभार

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल में बसे विशेष पिछडी कमार जनजाति ग्राम बडेगोबरा में आजादी के 75 वर्षों बाद रविवार को बिजली की रौशनी पहुंच गई और ग्राम पंचायत के सरपंच रामस्वरूप मरकाम व ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा - अर्चना कर शुभारंभ किया। ग्रामीणों में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रही है, छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद सबसे पहले मैनपुर विकासखण्ड के बडेगोबरा में आज बिजली की रौशनी पहुंच जाने से ग्रामीणों के लिए आज का दिन कोई दीपावली त्यौहार से कम नहीं है, ग्रामीण विधिवत पूजा - अर्चना कर और फटाखे फोड़कर खुशिया मनाई।

ग्राम पंचायत के सरपंच रामस्वरूप मरकाम ने बताया कि ग्राम गोबरा में बिजली लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने काफी आंदोलन धरना प्रदर्शन किये थे और मैनपुर से गरियाबंद तक पदयात्र भी कर चुके है और तो और चुनाव के पूर्व 01 सितम्बर 2023 को भाठीगढ से 12 किलोमीटर गोबरा तक बिजली लाईन लगाने के लिए विधिवत पुजा अर्चना कर भूमिपुजन किया गया था और 133 बिजली के पोल लगाने के बाद आज गांव में ट्रासफार्मर लगाकर बिजली की रौशनी पहुंचा दी गई है, इस ट्रासफार्मर से 70 से 80 घरों में बिजली कनेक्शन दिया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच रामस्वरूप मरकाम, पंच रामदास नेताम , उपसरपंच अंकलु राम यादव , पंच रेखा बाई धुरव, ओम बाई, सोंकुवर सोरी,पंचप्रतिनिधि भूपेंद्र धुरव, रामसिंह सोरी, झाँकर फूलसिंह सोरी , असमोटिन ध्रुव, हेमलता यादव, सुखमोतिन यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

अलग खबर





आजादी के 75 वर्षों बाद गोबरा में पहुंचेगी बिजली, किया गया भूमिपूजन



पीएमजीएसवाय ने पुल- पुलियों का नहीं किया निर्माण

बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल ग्राम गोबरा के लोग

### जल्द बिजली कनेक्शन लगाने की मांग

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 18 किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत गोबरा दुरस्थ वनांचल के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद सुरक्षा दल यहा नक्सली एम्बुंस के शिकार भी हुए थे। जिसमें 01 जवान शहीद हुए थे। मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र होने के कारण ग्राम गोबरा तक पक्की सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके आज आजादी के 75 वर्षों बाद बडेगोबरा जो विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम है। वहां बिजली की रौशनी पहुंच गई है। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के साथ गरियाबंद जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही सभी घरों तक बिजली के कनेक्शन लगाने की मांग किया है।

## महिला को अनियंत्रित ट्रक ने कुचला, मौत



**गरियाबंद।** जिले में रविवार को दोपहर 2 बजे छुरा मुख्यमार्ग कुसुमबुडा चैक में धान परिवहन में लगे ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग महिला को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक के पीछे बैठे बुजुर्ग महिला का सिर ट्रक में आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। उक्त घटना छुरा थाना क्षेत्र में घटित हुई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार छुरा से फिंगेश्वर मार्ग के ग्राम कोसमबूढ़ा चेक पोस्ट से कुछ दूर पहले धान से भरी ट्रक से भैरा नवापारा के निवासी सातोबाई उम्र लगभग 65 वर्षीय का ट्रक के पहिया की चपेट में आने से मौत हुई है। बता दे कि छुरा कि ओर से धान से ट्रक जा रहे थे उसी के पीछे मोटर साइकिल भी जा रही थी। जिसमें मृतक भी बैठी हुई थीं। मोटर साइकिल वाहन धान से भरी ट्रक से आगे बड़ने की प्रयास कर रहे थे जो आगे बड़े ही थे कि किनारे से सड़क की ऊपरी मार्ग में चढ़ने से दुपहिया वाहन गिर गई। जिसमें महिला ट्रक आगे पहिया की चपेट में आने से घटना स्थल पर दम तोड़ दी। घटना के तुरंत बाद छुरा पुलिस पहुंच गई धान से भरी ट्रक के साथ ड्राइवर को हिरासत में लेकर कार्रवाई कर रही है।

## शहर के प्राचीन राम मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





राजिम विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में लगातार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसकी शुरूआत 14 जनवरी से हो गई है। शहर के प्राचीन राम मंदिर में विधायक रोहित साहू स्वयं झाडु लेकर सफाई करने जुट गए उनके साथ जिला पंचायत के सदस्य शेखर साहू,नपा अध्यक्ष रेखा सोनकर, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,महिला नेत्री छाया राही, खुशी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल थे। बताया गया है कि ये कार्यक्रम 21 जनवरी तक लगातार चलेगा। जिसमें विधायक रोहित साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि, स्वच्छता मित्र तथा स्वच्छता अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के तहत सभी धार्मिक स्थलों में पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलेगा। आज 15 जनवरी को सुबह 7:20 बजे विधायक श्री साहू का काफिला भगवान श्री राजीवलोचन मंदिर पहुंचेगा। यहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कल 16 जनवरी को तीन नदियों के संगम क्षेत्र पंचेश्वर महादेव मंदिर से सफाई अभियान शुरू होकर कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर व लोमस ऋषि आश्रम तक सफाई की जाएगी। 17 जनवरी को कोपेश्वरनाथ महादेव कोपरा एवं 18 जनवरी को सिरकट्टीआश्रम परिसर कुटेना पांडुका, 19 जनवरी को दुर्गा मंदिर प्रांगण किरवई, 20 जनवरी को फणिकेश्वरनाथ महादेव मंदिर फिंगेश्वर, 21 जनवरी को बावाकुटी मांडव्य ऋषि आश्रम फिंगेश्वर में साफ-सफाई किया जाएगा। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में जब सत्ता ⏭ शेष पेज 13 पर

## दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद मेड़कीडबरी में

**रसेला।** संकुल रसेला आश्रित सभी शालाओं का दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 17 जनवरी ग्राम मेडकीडबरी में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 03 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और 07 प्राथमिक शाला के छात्र छात्राओं भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा, जिसका मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच ढेलेश ध्रुव, विशेष अतिथि उपसरपंच मूलचंद सोरी, पंच फुलकुवर, किरण ध्रुव, आनंद जायसवाल, कुमार सिंह ग्राम समिति अध्यक्ष,पूना राम सचिव सहित ग्राम के प्रमुख के हाथों पुजा अर्चना कर किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के सभी शिक्षक शिक्षाकाऐ और ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज़ ⏭ पाण्डुका

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने रविवार को जिले के छुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पांडुका के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, चिकित्सक कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, पैथोलॉजी लैब, पुरुष एवं महिला वार्ड तथा प्रसूति कक्ष, एएनसी क्लीनिक को देखा। जिसमें दवा के रख-रखाव के बारे में जानकारी लेते हुए दवा के स्टॉक सहित अन्य सामग्रियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था मिलने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अस्पताल के व्यवस्थाओं में खामियां है उसे शीघ्र सुधारे और अस्पताल में नियमित रूप से साफ – सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ के कर्मचारियों को समय पर अस्पताल पहुंचने को कहा ताकि मरीजों को समय पर चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं का संस्थागत प्रसव कराने के साथ इसका समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं चिकित्सकीय स्टाफ मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करें। कायाकल्प योजना के तहत अस्पताल में जो भी खामियां है उसे सुधार करें। उन्होंने जिले के सभी बीपीएम अपने ब्लॉक के सभी अस्पतालों का सतत रूप से निरीक्षण करते रहे। जहां व्यवस्थाओं में कमी पायी जाती है उसे ठीक करने को कहा। इस अवसर पर डीपीएम सोनल ध्रुव सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ भी उपस्थित थे।

## बोगस बिक्री करने से पहले 34 किसानों से 104 एकड़ रकबा समर्पण कराया

# दो दिनों में ओडिशा से 3 सौ बोरा धान ला रहे 5 वाहन पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा अवैध परिवहन रोकने व बोगस बिक्री पर लगाम लगाने सख्ती बरतने के निर्देश का असर देखने को मिल रहा है। इलाका बड़ा होने के कारण देवभोग एसडीएम अर्पिता पाठक के अलवा कलेक्टर ने अभियान में अतरिक्त अफसरों की ड्यूटी लगा दिया है। सुस्त बैठे अन्य विभागों के अफसरों को भी फटकार लगाया है, जिसके बाद संयुक्त टीम की सक्रियता सीमा वर्ती इलाके में देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों में उरमाल के बलधियामाल चेक पोस्ट, खुटगाव व तुआसमाल इलाके से 5 पिकअप पर कार्यवाही कर परिवहन किए जा रहे लगभग 300 बोरा धान के साथ पांच पिकअप वाहन को जप्त किया गया है। एसडीएम पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया की सभी के विरूद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।



### टोकन के भौतिक सत्यापन के लिए बनी टीम

उत्पादन की तुलना में ज्यादा मात्रा में बिके धान को लेकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश के बाद अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने टीम का गठन किया है। टोकन के भौतिक सत्यापन लिए बनाए गए टीम में गोहरापदर ,देवभोग समिति के गांव में अर्पिता पाठक, धौराकोट, रोहना गुड़ा की जांच तहसीलदार गेंद लाल साहू, दिवानमूडा के लिए नायब तहसीलदार तरेंद्र ठाकुर, घूमरगुड़ा के लिए नायब तहसीलदार रुपेश मरकाम, लाटापारा के लिए सहायक खाद्य अधिकारी रवि शंकर कोमरा, अमलीपदर मूढ़गेल माल समिति के लिए तहसीलदार आर केवर्त, झरगाव वा तेतलखुटी समिति क्षेत्र के लिए खाद्य निरीक्षक आरती यादव को जवाबदारी दी गई है।

### 100 एकड़ से ज्यादा रकबे का समर्पण

जिला प्रशासन के निर्देश के बाद अनुविभाग क्षेत्र में गठित अमला लगातार टोकन का सत्यापन कर रही है।इस अभियान के तहत उत्पादन प्रभावित क्षेत्र दीवानमूड़ा खरीदी केंद्र के अधीन आने वाले 8 गांव के 34 ऐसे किसान से 100एकड़ से ज्यादा रकबे का समर्पण कराया गया जिन के खेतो में धान का उत्पादन नहीं हुआ,पर उनका पंजीयन था,किसान धान बेचने में तयारी कर रहे थे। दल शुक्रवार शाम से विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला कर काटे गए टोकन का भौतिक सत्यापन किया है। 50 से ज्यादा ऐसे टोकन मिले है जिनकी धान बिक्री की तारीख तो तय थी पर उनके पास धान एक भी दाना नही मिला।इस कार्यवाही की पुष्टि करते हुए एसडीएम जल्द ही निरस्त हुए टोकन के विषय में सोमवार को विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन को भेजने की बात कही है।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


## खबर संक्षेप

### शोकसभा और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध इतिहासकार व पुरातत्वविद डॉ. हेमू यदु का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे एंटी करप्शन ब्यूरो से सेवानिवृत्त हो गए थे। शोकसभा व पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे रखा गया है। उनकी अंतिम कृति ओम लिपि की रहस्यमय ख़ोज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में है, इस पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के सीबी बाजपेई पूर्व न्यायमूर्ति एवं हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के हाथों से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख साहित्यकार, सामाजिक व शासन प्रशासन के उच्चाधिकारी बतौर अतिथि उपस्थित होंगे।

### वित्त मंत्री चौधरी ने कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इसी दौरान संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर और प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन ने बताया कि कैलेंडर में समस्त जिला कोषालयों के अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक एवं वित्त विभाग के आवश्यक दूरभाष नंबर अंकित हैं, जो कि आमजन के लिए उपयोगी हैं। विमोचन के अवसर पर रामाधार साहू, विरेंद्र सिंह राठौर, अफरोज खान, रिंकू तिवारी आदि शामिल थे।

### पाप का मूल कारण लोभ : आचार्य चौबे



**रायपुर।** बोरियाखुर्द मोतीनगर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में आचार्य पं. नंदकुमार चौबे ने कहा, इस असार-संसार में कोई भी वस्तु सार नहीं है, यहां तो केवल विषय वासना ही दिखाई पड़ती है, जैसे काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, दंभ, पाखंड आदि विकारों ने हमारे मन मस्तिष्क को धूमिल कर दिया है। लोभ पाप का मूल है, इसलिए व्यक्ति लोभ में आकर बड़े से बड़े पाप कर बैठता और उसका फल भी भोगता है।

### लोकसभा में प्रोफेसर को प्रत्याशी बनाने सर्व समाज ने लिया निर्णय



**रायपुर।** सर्व समाज महासभा ने आगामी लोकसभा चुनाव में महासमुंद के विकास के लिए हमेशा प्रयास करने वाले प्रोफेसर को प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला सभी समाज के लोगों ने आपसी सहमति से लिया है। सर्व समाज समन्वय महासभा में लिए गए निर्णय के बारे में शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान उदयभान सिंह चौहान, एसआर बंजारे और प्रताप महंती ने जानकारी दी। महासभा के निर्णय को लेकर बताया कि राज्य बनने के 23 साल बाद भी महासमुंद क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। अभी तक कॉलेज, सड़क और अस्पताल की सुविधा से लोग वंचित हैं। लोकल ट्रेन की सुविधा भी नहीं है। इसे देखते हुए हमने प्रोफेसर डॉ. संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' को महासमुंद लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन में क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाने का मन बनाया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर दिलाने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा प्रयास करने वाले प्रोफेसर संजीव के सामने जब हमने बात रखी तो उन्होंने इसे स्वीकार करते हुए सभी समाज के लोगों का सम्मान किया है। अब हम लोग पार्टी के सामने प्रोफेसर को प्रत्याशी बनाने की मांग रखेंगे। शिक्षित लोग राजनीति में आएंगे तो इसका फायदा क्षेत्र के लोगों को विकास कार्य के रूप में देखने को मिलेगा।

# अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत



**छुईहा बेलर।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित करने के लिए भेजे गए अक्षत कलश का ग्राम चरौदा में विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। शिवालय से कलश पूजन के साथ रामभक्तों को आमंत्रित किया गया। कलश के स्वागत के साथ जय श्री राम के नारे लगे। विशेष कलश पूजन के बाद गांव के विभिन्न क्षेत्रों में बाजे- गाजे के साथ यात्रा निकाली गई और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण दिया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचने का आह्वान किया।

# निषाद समाज ने निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

निषाद समाज द्वारा निषाद धर्मशाला से प्रभात फेरी सुबह 4:30 बजे राम जपते हुए निकाला गया जो गंज रोड होते हुए सदर रोड से निषाद धर्मशाला में समापन हुआ। इस प्रभात फेरी में अध्यक्ष पन्ना निषाद ,संतोष निषाद, भुवनेश्वर निषाद, भुवन निषाद, रवि निषाद, लोफड़ निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, कृष्णा निषाद, चंदन निषाद, माखन निषाद, सुजीत निषाद, नागेंद्र निषाद, शिव निषाद, कैलाश निषाद, अर्जुन निषाद, राजकुमार निषाद, प्रहलाद निषाद, लीला निषाद, मोती निषाद, पंकज निषाद, शिवराम निषाद, बबलू निषाद, भुरू निषाद शामिल थे।



## अनुष्ठान : हनुमान जी खुद होते हैं यहां यज्ञ के संचालक एवं यज्ञाचार्य

# नगर का मानस मंदिर आस्था का केंद्र, 1959 से चल रहा हवन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के बीचों-बीच मानस मंदिर नगर के अलावा आसपास के गांव के लिए आस्था का केंद्र है, राम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही यहां पर भी कई प्रकार के कार्य वर्तमान में संचालित है जो प्रतिवर्ष इनकी भव्यता को बढ़ा रही है। यह मानस यज्ञ लगभग 71 वर्ष से संचालित है। यहां पर विराजित हनुमान जी एवं अंगद की मंदिर में लगभग 70 से 75 साल से यहां पूजा - अर्चना जारी है, प्रदेश का यह पहला मंदिर होगा जहां पर अंगद का अलग से मंदिर का निर्माण किया गया है, शुरू से ही यहां पर मुख्य यज्ञ करता और यज्ञ संचालक साक्षात हनुमान जी महाराज की देखरेख में लगातार संचालित हो रहा है, इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों ने कितनी धार्मिक जागृति रही होगी कि आज से 71 साल पहले यज्ञ हवन प्रवचन भंडारा का परंपरा का प्रारंभ किया गया है, मंदिर का नवीनीकरण 2009 में प्रारंभ हुआ और 11 फरवरी 1987 को रघुनाथ जी हनुमान जी की मूर्ति रंभा बाई



लोनहारेके द्वारा स्थापित की गई। इसमें लगभग आसपास के लगभग 50 से 75 गांव के लोग जुड़े हुए हैं, ऐसा माना जाता है कि यहां पहले पीपल का पेड़ था जिसके नीचे हनुमान जी एवं अंगद जी की पूजा की जाती थी एवं खुले मैदान में यहां पर यज्ञ हवन का कार्य है संचालित होता था धीरे-धीरे मंदिर बना और भगवान श्री राम जानकी की प्रतिष्ठा हुई। कार्य का प्रेरणा स्त्रोत स्व. रोशन पुरी महाराज, स्वर्गीय त्रिलोक शाह पूर्व सांसद, स्वर्गीय मोहनलाल त्रिपाठी बनारस ईनकी प्रेरणा से मानस यज्ञ निरंतर निरंतर आगे बढ़ता रहा।

वर्ष 1959 से 1961 तक छुरा में तीन वर्ष, 1962 बिलाही घाट राजीम में, 1963 से 1964 दत्तात्रेय राजिम, 1965 से 1966 कनकेश्वर सिहावा में लगातार नगर के मानस मंदिर में यज्ञ का कार्यक्रम एक सप्ताह तक संचालित होता है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का संपादन होता है। मानस मंदिर के निर्माण के प्रेरणा एवं सहयोग मार्गदर्शन मदनपुर, तमोरी, ईरा गुड़ा,देवरी, बेल टूकरी, देव सुंदरा का सहयोग मिला।

### सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर लेते हैं भाग

श्री मानस महायज्ञ का संचालन समिति के माध्यम से किया जाता है। जिसमें साक्षात हनुमान जी महाराज आचार्य यज्ञ संचालक, उप आचार्य यगेशमहाराज, संरक्षक गोवर्धन शरण महाराज, अध्यक्ष ओंकार शाह पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष यशपेन्द्र शाह बिशेषर दीवान, संयोजक नथमल शर्मा, मंत्री लखन तिवारी, टांकेश्वर देवांगन ,मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल रावत, सदस्य कामता प्रसाद तिवारी, शिव प्रसाद यादव, सीताराम, बजरंग पांडे, ओपी द्विवेदी, मिथिलेश देवांगन, राजू यादव, प्रभु सिन्हा नगर के सभी लोग पूरी यज्ञ व्यवस्था से,अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। विशेष कर महिला मंडली एवं शिक्षक मानस परिवार द्वारा प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ मानस मंदिर में किया जाता है।

# कबड्डी में बच्चों ने दिखाया दम बोरा दौड़ व खोखो स्पर्धा भी हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

संकुल केंद्र सेम्हरा विकासखंड छुरा का तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन संकुल के ग्राम जटिया तोरा में दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद कांच दौड़, गोला फेंक, रिले रेस, बोरा दौड़ अन्य व्यक्तिगत खेल का प्रदर्शन कर विजेताओं ने बाजी मारी। द्वितीय दिवस खो-खो, कबड्डी, संखली, रंगोली, 200 मीटर दौड़ अन्य सामूहिक खेल के बाद तीसरे दिवस सभी खेलों का फाइनल मैच खेला गया। अंतिम दिवस पुरस्कार वितरण एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- बोरा दौड़ व खोखो स्पर्धा भी हुई

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमआर साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, विशिष्ट अतिथि तनवीर खान, हरेश यादव, जनता प्रसाद, राधेश्याम भिखम सिंह, तिहारू राम, गणेश्वर मरकाम सभी ग्राम प्रमुख व ग्राम पटेल थे।अतिथियों ने सभी विजेताओं को शील्ड व इनाम वितरण कर बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के कामनाएं की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ग्राम वासियों व संकुल के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक यशवंत सिन्हा व आभार प्रदर्शन वेदराम यादव ने किया।

# पार्षद विनोद भाजपा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वार्ड नंबर 11 के निर्दलीय पार्षद विनोद सोनकर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व डिप्टी सीएम अरुण साहू के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।

भाजपा प्रवेश करने पर श्री सोनकर का केसरिया दुपट्टा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोकनर,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, भुनेश्वर साहू, महेश यादव, लेखा महोबिया, ओमप्रकाश आडिल, भारत यादव, उत्तम, आदर्शराव शिंदे, बलराम यादव, सद्दाम अली, टंकु सोनकर, छाया राही, मधु नत्थानी ,खुशी साहू, निकेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, प्रवीण पुष्पाकर मौजूद थे।

### एक करोड़ दीपक से जगमग होंगे गायत्री परिजनों के घर

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के निर्देश पर गायत्री परिवार घर-घर दीप जलाकर भगवान रामचंद्र के मंदिर स्थापना उत्सव को उत्साह के साथ मनाएगा। इस मौके पर 1 करोड़ दीपक से गायत्री परिजनों का घर दमकेगा। प्रदेश स्तर पर इस आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी है। इसी संबंध में जोन समन्वयक और गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर के ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक हुई।

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दीप महोत्सव का आयोजन राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत गायत्री परिवार के परिजन अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाएंगे। इसके लिए 5,11,21, 51और 101 दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रदेश भर के सभी गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ में सुबह से ही यज्ञ हवन और संस्कार कराए जाएंगे ।



# प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान आज पोंड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से देश के विभिन्न क्षेत्रों के कमार, पीवीटीजी के जनजाति के लाभार्थियों के साथ वर्चुवल संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में रविवार को कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोंड के अटल चौंक प्रांगण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल में की जा रही आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगाये जा रहे मंच, टेन्ट-पंडाल, साउंड सिस्टम, विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, बेरिकेटिंग, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, लाईव टेलिकास्ट, विभिन्न विभाग द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए बनाये जा रहे स्टॉल सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निर्धारित समय से पूर्व हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने की व्यवस्था करें। आवश्यक स्थलों पर बेरिकेटिंग करा कर रूट डायवर्ट एवं पार्किंग की व्यवस्था कराये। कार्यक्रम स्थल पर नागरिको को आने - जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने आयोजन की तैयारी के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, एसडीएम श्री भूपेन्द्र साहू, सीएमएचओ डॉ. केसी उराव, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, सीएमओ श्री अमजद जाफरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

- कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण




## कबड्डी प्रतियोगिता में 28 टीम हुए शामिल

# कबड्डी में तमोरा विजेता व उपविजेता बंजारी रायपुर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम जोगीडीपा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती पर 12 एंव 13 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसमें 28 टीम शामिल हुए। दर्शको ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल में एक की जीत व दूसरे की हार भले ही हो परंतु अपनापन व अनुशासन की महत्ता ही प्रशंसनीय होती है।

खेल के समय ऐसा लग रहा था कि हम सब कोई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता देख रहे हैं। जिसका समापन एंव पुरूष्कार वितरण समारोह 13 को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि पुर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा नेता ओमकार साहू, जिला सचिव संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू, पुर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू थे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता, तीसरे,चौथे नम्बर के टीम, उत्कृष्ट विशेष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, रेफरी, काम्ट्रेटर को कप, मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। आयोजक अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने विशेष भेंट में बताया कि फायनल कबड्डी खेल तमोरा महासमुंद एंव बंजारी रायपुर के मध्य हुआ।





खेल बड़ा रोमांचकारी था। जिस फायनल मैच में तमोरा ने बाजी मार कर पुरे प्रतियोगिता का विजेता टीम बना जिसे दस हजार नगद कप, बंजारी रायपुर उपविजेता टीम को सात हजार नगद कप, तीसरा पथर्री को पांच हजार नगद कप, चौथा मुडतराई तीन हजार नगद कफ, बेस्ट रेडर संदीप ध्रुव रायपुर, कैचर मिथलेश नागेश तमोरा, आलराउंडर इन्द्र कुमार तमोरा ,रेफरी अखिलेश यादव उपेन्द्र पासवान कामेट्री उद्घोषक ,शिक्षक आशाकांत रजक,कुमेश किरनबेर बालोद , पत्रकार भागीरथी सिन्हा को सम्मानित किया गया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में रामजी साहू, सोमप्रकाश साहू, ओमकार साहू, अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, सचिव मिथलेश नेताम,प्रवीण साहू खोमन साहू,सालिक राम साहू,संतू राम साहू,तोरन पटेल, गोवर्धन यादव, मिलाऊ,गिरधर, नरायण, छबी यादव, तुलाराम साहू, शेखर साहू, तेजराम साहू, रेफरी हरि नेताम, रेफरी गुलाप नागेश, मामेट्रीं उद्घघोषक आशाकांत रजक, कुमेश किरणबेर का विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

# विद्या मंदिर में पालक व शिक्षक की बैठक सम्पन्न



**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुड़ागांव के ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम में पालक एवं शिक्षकों का 11 जनवरी को विशेष बैठक रखा गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल नीलम साहू ने किया।

विशेष बैठक का विषय बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय एवं घर में बच्चों से संबंधित क्रियाकलाप के बारे में बताया गया। प्रिंसिपल, विषय शिक्षक एवं पलकों के बीच बच्चों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी का आदान-प्रदान हुआ। विशेष बैठक में उपस्थित सक्रिय पलक बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष में बहुत सी उम्मीद जताते हुए प्रिंसिपल नीलम साहू का धन्यवाद किया गया।

## खबर संक्षेप

### ड्राई डे के लिए शराब जमा कर रहा था, आबकारी के हत्थे चढ़ा



**रायपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने तीन अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के कब्जे से 24 हजार रुपए कीमत की साढ़े 56 लीटर शराब जब्त की है। आबकारी टीम ने एक ऐसे शराब तस्कर को पकड़ा है, जो 22 जनवरी को ड्राई डे में दोगुनी कीमत पर शराब खपाने की फिराक में अलग-अलग शराब दुकानों से शराब खरीदी कर जमाखोरी कर रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने ड्राई डे में दोगुनी कीमत में शराब बेचने जमाखोरी करने के आरोप में अवंति विहार निवासी राजकुमार निषाद को गिरफ्तार किया है। राजकुमार गोआ ब्रांड की शराब खरीदकर घर में बिस्तर के नीचे छिपा कर रखा था। इसी तरह से एक अन्य मामले में लांजा निवासी हिमेश कुमार बांधे को आबकारी विभाग की टीम ने घर में कच्ची शराब बनाते गिरफ्तार किया है। अभनपुर में एक्टिवा सवार युवक सुशील कुमार का पीछा कर आबकारी टीम ने शराब जब्त की है।

### डेढ़ सौ साल का हुआ भारत मौसम विज्ञान विभाग, कल प्रदर्शनी



**रायपुर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग 15 जनवरी को अपना 150वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर लालपुर स्थित मौसम वेधशाला में उपकरणों की प्रदर्शनी लगाने के साथ लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया जाएगा। डेढ़ सौ साल पूरे होने पर भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सालभर विभिन्न तरह की संगोष्ठी, कार्यशाला सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारत मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना 15 जनवरी 1875 को हुई थी। इसका मुख्यालय कोलकाता में था, जिसे 1905 में शिमला, 1928 में पुणे और फिर 1944 में दिल्ली स्थानांतरित किया गया था। 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर के सभी कार्यालय भवन में रोशनी की जाएगी। इसके अलावा सालभर संगोष्ठी, कार्यशाला आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी तारतम्य में रायपुर के लालपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में सोमवार 15 जनवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए कार्यालय में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### कौशल्या माता मंदिर में सोनी ने किया श्रमदान



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अयोध्या में भव्य श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भारत के सभी मंदिरों में श्रमदान किए जाने के आव्हान पर रायपुर लोकसभा अंतर्गत आरंग विधानसभा के चंदखुरी के कौशल्या माता मंदिर में रायपुर के सांसद सुनील सोनी द्वारा श्रमदान कर सफाई की शुरुआत की गई। श्री सोनी ने कहा, यहां भगवान श्री राम का ननिहाल है और 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह है, विशेषकर छत्तीसगढ़ के सभी रामभक्तों ने आज श्री राम के ननिहाल के विभिन्न मंदिरों में अपना-अपना श्रमदान किया। इस अवसर पर आरंग विधायक खुशवंत गुरु, जिला पंचायत सदस्य ललिता वर्मा, केके वर्मा, मंडल अध्यक्ष मंदिरहसौद, वरिष्ठ भाजपा नेता शोभाराम यादव, प्रतीक बैस, उदय वर्मा, राजकुमारी वर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेत्र बाधित दिव्यांग द्रुपत दीवान ने कहा-कठिन परिश्रम से बनूंगी कलेक्टर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जयंती पर लोहझर के शांकम्भरी मंदिर प्रांगण में युवाओं के लिए मोटीवेशनल स्पिच फार युथ का आयोजन किया गया। जीवन कैसे जीयें सफल लोगों की जुबानी सफलता की कहानी थीम पर ग्रामीण युवाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंजू ध्रुव और ग्राम प्रमुख फलेन्द्र ठाकुर के कर कमलों से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम शिक्षक शंकर लाल यदु द्वारा स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उद्देश्यपरक जीवन जीने हेतु युवाओं का आह्वान किया गया। आगे कहा कि उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम, लगन की निरंतरता होना जरूरी है। ग्राम के

### जीवन कैसे जिएं थीम पर युग पुरुष विवेकानंद जयंती आयोजित




#### आज सफलता कदम चूम रही

वहीं एमबीबीएस के छात्र आर्यन यादव द्वारा भी बताया गया कि कैसे अपने लक्ष्य के लिए 14 से 16 घंटे की पढ़ाई की। नींद का त्याग कर अध्ययन किया जिससे आज सफलता कदम चूम रही है। इस दौरान समिति अध्यक्ष फलेंद्र ठाकुर, संरक्षकगण श्याम लाल पटेल, धनीराम यदु, अशोक वर्मा, संतोष वर्मा, कल्याण यदु, सचिव धनीराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष योगेश पटेल और सदस्यगण भोज पटेल, युवराज साहू, राजकुमार वर्मा, कल्याणी वर्मा, ममता यदु, राम साहू, भूमिका यदु, भानु यदु, हुबलाल पटेल, रघुनाथ वर्मा, डाहरू कौशले सहित ग्राम के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकगण की उपस्थित रहे।

सफल युवक-युवतियों ने एक-एक कर अपने संघर्षों के दिनों को बताते हुए अन्य युवाओं को प्रेरित किया। प्रमुख रूप से एकलव्य विद्यालय छुरा में पदस्थ शिक्षिका मोहनी मण्डावी ने बताया कि विपरीत परिवारिक परिस्थितियों और शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद किस प्रकार संघर्ष कर अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने घर में बड़ी बहन होने के दायित्वों को निभाई। राजस्व विभाग में पटवारी के रुप में सेवा दे रही कंचन मरकाम ने भी अपनी सफलता की कहानी बताई। लोहझर की गौरव नेत्र बाधित दिव्यांग द्रुपद दीवान ने अपनी दिव्यांगता से लड़कर स्नातकोत्तर की शिक्षा अर्जित की और सिविल सेवा की तैयारी में जुटी हुई है।

### कुटेना और घटकर्रा के शिविर में विधायक ने सरकारी योजनाओं की समीक्षा की

# अंतिम छोर के व्यक्ति को केंद्र सरकार की योजना का लाभ मिले : विधायक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि रविवार को छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत घटकर्रा व ग्राम पंचायत कुटेना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की विकसित भारत योजना के तहत लगाई जा रहे शिविरों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से संवाद किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विजन है जिसके तहत अंतिम छोर के व्यक्ति को केंद्र सरकार की योजना का लाभ मिले। इन शिविरों के माध्यम से वंचित व्यक्तियों को लाभ दिया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की सभी योजना शामिल है। शिविर में ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं क्योंकि जब भारत विकसित होगा तो सभी व्यक्ति स्वालंबन होंगे और अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि इससे पूरे भारत में नया परिवर्तन आएगा, विकसित भारत के सपने को सब मिलकर काम करेंगे तो जरूर





एक दिन यह सपना सच हो सकेगा। भारत में आर्थिक बदलाव आएगा तो सामाजिक बदलाव भी देखने को मिलेगा। इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, इस शिविर में महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रही। मंच से अतिथियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को निःशुल्क गैस किट बांटे व महिलाओं का महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्नप्रासन कराया गया।

#### योजनाओं के स्टॉल का किया अवलोकन

शिविर में विधायक रोहित साहू ने आमजन की जनसुनवाई कर प्रशासनिक अधिकारियों को आगे की कार्ययोजना के लिए दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में विकसित भारत योजना के रथ पर केंद्र सरकार की डॉक्यूमेंट्री ग्रामीणों को दिखाई गई। विधायक रोहित साहू व अन्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि टीकम साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, सरपंच घटकर्रा प्रेम ध्रुव, जनपद सदस्य रजनी चौरे, सरपंच कुटेना देवसिंह दीवान, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, वीरेंद्र साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, हेमंत निर्मलकर, मदन निषाद, लोचन साहू, गुनिक राम साहू, महेन्द्र साहू, देवा निषाद, तारा साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाः चंदूलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है, मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है, देश की सीमाए सुरक्षित हुई है, भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर हाईवे, रेल्वे, एयरपोंट का निर्माण हो रहा है, एम्स और फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे है, जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सडक पेयजल आदि योजनाओं जोडने का कार्य तेजी से हो रहा है उक्त बाते आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू ने कहा। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू पिछले दो दिनों से बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर देवभोग के दौरे पर है। इस दौरान अनेक ग्राम पंचायतो में आयोजित विकसित भारत संकल्प शिविर व महाविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए तथा सभा को संबोधित करते हुए श्री साहू ने आगे कहा कि केन्द्र के भाजपा सरकार बीना भेदभाव सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है, विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत जो शिविर का आयोजन किया जा रहा है उसका मुख्य उददेश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, गुरूनारायण तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, दुलार सिन्हा, दिलीप साहू, महेन्द्र सोनी, दिनेश सचदेव, मनोज निर्मलकर, तुलसी राठौर, महेश क"यप, बिसेसर सिक्का, मनोहर बघेल, रूपेश साहू, हरिनाथ यादव, पुलस्त शर्मा, राजेन्द्र तिवारी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थें।

# सशिमं में मनाया गया विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सरस्वती शिशु मंदिर फिंगेश्वर में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाजी शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रामू राम साहू थे। अध्यक्षता व्यवस्थापक पूनम यादव ने किया। विशेष अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य सुरेश यादव उपस्थित थे। वहीं रामू राम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के



प्रेरणा स्त्रोत थे। स्वामी विवेकानंद हमारे देश के श्रेष्ठ महापुरुषों में गिना जाता है जो सत्य सनातन धर्म के पथ प्रदर्शक रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष एच एल साहू, अनीता शर्मा, प्राचार्य सुरेश यादव सहित पदाधिकारी ने रामू राम साहू को जन्मदिन पर साल एवं श्रीफल भेंट सम्मानित किया।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित प्रमोद नागरिकों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बधाई दी।

# सेन समाज महिला प्रकोष्ठ की सरोज प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर निवासी सरोज सेन को छत्तीसगढ प्रदेश सर्व सेन समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने से सेन समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेशित किया है, पिछले दिनों सर्वसेन समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश का विशेष कार्यकारिणी गोष्ठी मायाराम सुरजन स्मृति हॉल रायपुर में रखा गया।

जहां पर प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन एंव गौरी शंकर श्रीवास के मुख्य आतिथ्य में कार्यकारिणी के अतिरिक्त और विभिन्न संगठन को विस्तारित किया गया, इसी क्रम में गरियाबंद जिले से मैनपुर श्रीमती सरोज सेन शिक्षिका को महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे प्रारंभ से ही समाज के विभिन्न पदों



पर आसीन रह चुकी है। साथ ही साथ सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोना सेन, सर्व सेन समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक दीवाकर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य चन्द्रहास सेन, युवा प्रकोष्ठ कोशाध्यक्ष नोबल सेन, विधि प्रकोष्ठ प्रभारी लोकेश दंत आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं दुसरी ओर सरोज सेन को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर मैनपुर से गौतम सेन, महेन्द्र सेन, तरूण सेन, प्रेम सेन, मदन सेन, रीता सेन, गीता सेन, दुलारी सेन, पुष्पा सेन एंव समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दी है।

# संकल्प यात्रा को लेकर ग्रामीणों में दिखा उत्साह

**रसेला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला रहा है। केन्द्र सरकार के विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी लेने और उसका लाभ लेने बड़ी संख्या में ग्रामीण यात्रा के दौरान लगने वाले शिविर में पहुंचे रहे हैं। इसी कड़ी में 12 जनवरी को ग्राम पंचायत दुल्ला में संपन्न हुआ। जिसका मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा छुरा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा , सरपंच यशवंत ठाकुर, जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार, रामलाल कुलदीप महामंत्री छुरा मंडल उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणजन उपस्थित होकर अपनी मांग और समस्याओं से अवगत करा सकते हैं, यहां विकासखण्ड के अधिकारी उपस्थित रहकर आपकी मांग और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेगी। जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा है कि



शासन की योजना धरातल तक पहुंचे और गांव के अंतिम से अंतिम व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। भाजपा मंडल अध्यक्ष यादव अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार लोगों की भलाई के लिए लगातार सकारात्मक प्रयास कर रही है और यह यात्रा उसी सोच का नतीजा है। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित किए।

कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा उत्साह से स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टाल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### सुबह-सुबह पैदल निकले...

न बनाया हो। पर इन सबसे जुदा अभी के मौजूदा विधायक है जो एक किसान परिवार से आते है। हर दुख-सुख को वे खुद झेल चुके है इसलिए लोगों के तकलीफो और समस्याओं को जानने के लिए वे अब निरंतर शहर तो शहर कोई भी गांव में भी अचानक पहुंच जाएंगे। इससे होगा यह कि क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारियों को चौकन्ना रहना पड़ेगा। क्योंकि न जाने ये विधायक कब कहां धमक जाए? बहरहाल विधायक के इस कदम से लोगों में उत्साह का संचार हुआ है वहीं लोगों की उम्मीदें बढ़ गई है कि जो भी समस्या होगा वो अब हल होकर रहेगा। विधायक रोहित साहू की सरलता और सहजता के लोग कायल हो गए है।

**मंगल भवन में लगे खिड़की निकाल कर ले गए चोर :** विधायक के साथ पार्षद उत्तम निषाद भी चल रहे थे। उन्होने बताया कि इस समस्या का हल इस तरह से होगा। कईयो घर के दरवाजे पर छोटे-छोटे बच्चे मिले उनसे कहा कि अच्छे से पढ़ाई लिखाई करो। एक महिला अपनी समस्या को बड़ी गंभीरता से बताया। विधायक ने बड़े ध्यान से सुना और कहा कि अभी मेला ग्राउंड में शिविर लगने वाला है वहां अपना आवेदन देना। यह समस्या हल हो जाएगा। वे मंगल भवन का भी निरीक्षण किया। यहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, पार्षद महेश यादव, रितेश यादव, सोमनाथ पटेल, शरद पारकर, रामकुमार साहू मौजूद थे। विधायक को बताया कि मंगल भवन में लगे खिड़की आदि को निकाल कर चोर ले गए हैं। जो खंडहर में तब्दील होने के कारण लोग यहां पर शराब पीते है। जुआ खेलते है और यह एक तरह से असामाजिक तत्वो का अड्डा बना रहता हैं।

### शहर के प्राचीन राम...

संभाले तो उन्होने सबसे पहले स्वच्छता पर फोकस किया आज पूरे देश को स्वच्छ भारत के नाम से जाना जाता है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियो, समाजसेवी संस्थाओं और गणमान्य नागरिको से आग्रह करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। यह वह हथियार है जिसके जरिए बीमारियां हमसे कोसो दूर रहती है और समाज तथा गांव को एक स्वच्छ वातावरण मिलता है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति के महानायक थेः पूरनलाल

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों का स्वागत गुलाल से किया गया। युवा दिवस के अवसर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति के महानायक थे। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए। इस मंत्र को देने वाले स्वामी विवेकानंद को यूथ आइकन ऑफ इंडिया भी कहा जाता है।स्वामी विवेकानंद ने दीन दुखियों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। कार्यक्रम का संचालन गीता साहू (11वी ) ने किया। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरें, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 18 हजार का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। आरोपी मिनीकेतन पटेल 34 वर्ष कपाटी थाना झारबंध जिला बरगढ़ ओडिसा का रहवासी है। पुलिस को 12 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि डीकेएस अस्पताल के बाजू शास्त्री चौक के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर बेचने के फिराक में खड़ा है, जिसे पुलिस ने उसे मौके पर जाकर गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बैग जब्त किया गया है, जिसमें 3 किलो 970 ग्राम गांजा बरामद रखा हुआ था। जब्त गांजा की कीमत 18 हजार रुपए है। पुलिस इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बीमा एजेंट बनकर 16 लाख की ठगी

**रायरपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने कोरिया के किसी कंपनी में डायरेक्टर के पद पर पदस्थ अपने परिजन के साथ फर्जी बीमा एजेंट द्वारा ऑनलाइन 16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने कोरिया में रह रहे व्यक्ति को अपने झांसे में लेकर पहले उलझाया, उसके बाद उनसे ऑनलाइन ठगी की। पुलिस के मुताबिक भिलाई निवासी हेमंत साहू की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। हेमंत ने पुलिस को बताया कि सुंदर नगर स्थित एसबीआई कॉलोनी निवासी आदित्य गुल्हानी के साथ जालसाजों ने ठगी की है। हेमंत के अनुसार आदित्य उसके पास 12 जनवरी को कॉल कर बताया कि उसने फ्यूचर जेनराली लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से बीमा पॉलिसी खरीदी है, जिसका देय नवंबर 2023 तथा जनवरी 2024 को था।

## लोचा : 15 से 18 वर्षों बाद भी स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा

# भवन का निर्माण कार्य अधूरा, कमार जनजाति के बच्चे, पेड़ के नीचे अपना भविष्य गढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए दर्जनों योजनाए संचालित किया जा रहा है। लेकिन क्या धरातल में सरकार की योजनाओं का लाभ कमार जनजाति के ग्रामीणों को मिल पा रहा है या नहीं इसे देखने वाला कोई नहीं हैं। आज आजादी के 75 वर्षों बाद भी गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के पहाडी गांव के ऊपर बसे कमार जनजाति आदिवासी के बच्चों को पढाई करने के लिए स्कूल भवन भी नसीब नहीं हो पा रहा है, जिससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ इन जनजाति लोगों को कितना मिल पा रहा है। दूरस्थ वनांचल और पहाड़ी गांव के हवाला देकर उच्च अफसर व स्थानीय अधिकारी भी इन ग्रामों तक नहीं पहुंच पाते। जिसके कारण पिछले 15 से 18 वर्शों से कई स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और यहां निवास करने वाले कमार जनजाति के बच्चे कहीं पेड़ के नीचे तो कही झोपडी में अपना भविष्य गढ़ने मजबूर हो रहे हैं, एक तरफ स्थानीय अफसर पहाड़ी क्षेत्र होने के हवाला देकर इन ग्रामों में स्कूल भवन नहीं का निर्माण कार्य मुश्किल होना बताते है तो यहां जानकर आश्चर्या होगा कि इन ग्रामो में लाखों रूपये के पुल -पुलिया और अन्य निर्माण कार्य कैसे आसानी से हो जाते हैं, जब अन्य निर्माण कार्य इन पहाड़ी ग्रामों में किया जा सकता है, तो यह सवाल उठाना लाजमी होगा कि स्कूल भवन का निर्माण क्यों हो नहीं हो सकता।

- कमार जनजाति के विकास के लिए दर्जनों योजनाएं हो रही संचालित, पर नहीं मिल रहा लाभ



### बच्चे घांस फूंस की झोपड़ी में पढाई करने मजबूर

मैनपुर विकासखण्ड के कुल्हाडीघाट ग्राम पंचायत से लगभग 20 किलोमीटर दुर ग्राम ताराझर जो पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है। यहां प्राथमिक शाला में कुल 21 बच्चे अध्यनरत है और स्कूल भवन निर्माण कार्य पिछले 15 से 18 वर्षो से अधुरा पड़ा हुआ है, स्कूल भवन निर्माण कार्य लेंटर लेवल तक करने के बाद अधुरा छोड़ दिया गया है, क्यों निर्माण कार्य पुरा नहीं हुआ इसके बारे में न तो स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारी कुछ बता पा रहे हैं और न ही सबंधित निर्माण एजेंसी स्कूल भवन निर्माण कार्य नहीं होने के कारण यहां के 21 छात्र -छात्राएं झोपडी में पढाई करने विवश हो रहे है, जिन्हे पढाने के लिए एक शिक्षक की व्यवस्था किया गया है, लेकिन एक शिक्षक यदि कोई शासकीय कार्य से मुख्यालय आना हुआ तो एक–एक सप्ताह तक स्कूल बंद हो जाने की स्थिति निर्मित होती है।

### रसोइया के घर के आंगन में स्कूल हो रहा है संचालित

कुल्हाडीघाट पंचायत का ही आश्रित ग्राम कुर्वापानी और भालूडिग्गी यहां भी प्राथमिक शाला में 11 बच्चे दर्ज है लेकिन स्कूल भवन आज तक नहीं बना। स्कूल भवन के लिए राशि जारी होने के बाद भी बच्चों को स्कूल भवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। और रसोईया के घर के आंगन में स्कूल की कक्षाएं संचालित हो रही है तो ग्राम मटाल में 10 छात्र -छात्राएं अध्यनरत है। यहां आंगनबाडी भवन में स्कूल की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

### अधूरे स्कूल भवन को हाथियों के दल ने तोड़ा

कुल्हाडीघाट के सरपंच धनमोति सोरी, पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया कि भालूडिग्गी में एक भवन टीन शेड़ का बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियों के दलों ने तोड़फोड़ कर तहस –नहस कर दिया। यहीं स्थिति ग्राम मटाल की है। इन चारों स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक की तैनाती की गई है लेकिन भवन नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे या फिर किसी ग्रामीण के झोपड़ी में कक्षाएं संचालित हो रहा है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियो को न हो हर बार बैठक में यहां स्कूल भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना तो बनाया जाता है लेकिन अभी तक इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया है।

### जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी गई हैं

मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा ने बताया कि ताराझर में 21, कुर्वापानी में 04 और मटाल में 10 एंव भालूडिग्गी में 07 बच्चे अध्यनरत है और इनके लिए शिक्षक की व्यवस्था किया गया है। दुरस्थ वनांचल पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण स्कूल भवन का निर्माण कार्य वर्षों से अधुरा है। जिसकी जानकारी समय समय पर उच्च अधिकारियों को भेजी गई हैं।

# ग्रामीणों व छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मुडागांव(कोरासी)।** आओ चले वोटर बने अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए तथा हटाने के लिए ग्राम पंचायत नगर पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत 6 जनवरी से हो चुकी है। जो की 22 जनवरी तक चलेगी इसके लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है 6 जनवरी से प्रतिदिन कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

इसी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मड़ेलर में किया गया। जिसमें ग्रामीण व छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। नगर वासियों को नारों के माध्यम से जागरूक किया। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने नगर वासियों से अपील की जिनके परिवार में 1जनवरी 1अप्रैल 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में बच्चों की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है वह अपने पास की स्कूल में जाकर बीएलओ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिलाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देश एवं एसडीएम भूपेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में गांव - गांव नगरों में तथा विद्यालयों में आओ चले वोटर बनने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 13 जनवरी शनिवार व 14 जनवरी रविवार को अपने पास के मतदान केंद्र में जाकर उपस्थित अधिकारियों अथवा बीएलओ से नाम जोड़ सकते हैं। महाविद्यालय एवं नगर के हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली, मानव श्रृंखला, नृत्य नाटिका, रंगोली प्रतियोगिता, जनपदों में युवा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आदिवासी युवा महोत्सव के साथ-साथ घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम के लिए सीईओ जाफरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस दौरान हेमलाल कंवर, समाजसेवी शीतल ध्रुव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा ध्रुव, रोजगार सहायक किरण पांडे, नंदिनी, संतोषी, अनीता, सरोज, लोकी, मंगली, भूमिका, रेवती, गोदवारी, नीलम उपस्थित थे।

# छात्र- छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**फिंगेश्वर।** जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के निर्देशन में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में शिक्षकों व छात्र- छात्राओं द्वारा रैली निकालकर बच्चों ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है, प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता है।इस अवसर पर पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। जिस देश में जितने अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त होता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवक - युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में अध्ययन रत 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र व छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के अलावा स्कूली बच्चों को अपने गाँव, टोलों में लोगों को जागरूक करते हुए किसी भी मतदाता का नाम न छूटे उसके लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला गरियाबंद के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू एवं जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में डीईओ रमेश कुमार निषाद से मुलाकात कर गरियाबंद जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की विभिन्न तात्कालिक समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौपकर चर्चा किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक एलबी (टी./ई.) संवर्ग का प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु पुनः प्रतिक्षासूची से पदोन्नत करने, जीपीएफ कटौती वर्ष 2018 से नियमित रूप से किया जा रहा है। परन्तु आज पर्यन्त पासबुक संधारण नहीं किया गया है। सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति संधारण करने, शिक्षक एलबी (टी./ ई.) संवर्ग का सेवा पुस्तिका का सत्यापन स्थानीय निधि संपरीक्षक रायपुर से किया जावें। विकास खंड देवभोग में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग की सीपीएस कटौती की राशि आज पर्यन्त उनके एन पी एस खाता में जमा नहीं किया गया है। संविलियन पूर्व के समयमान, पुनरीक्षित, लंबित ऐरियर्स का भुगतान किया जावें, चिकित्सा अवकाश, अर्जित अवकाश में रहे शिक्षकों का नियमानुसार अवकाश स्वीकृत कर वेतन भुगतान करते हुए सेवाकाल के दौरान दिवंगत शिक्षकों (एल.बी.)का शेष प्रकरण शीघ्र निपटारा कर उनके आश्रित परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया जावें। वहीं विश्व विद्यालयीन व अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित शिक्षकों का अनुमति आदेश प्रसारित किया जावें। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल को जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने आश्वासन दिया है की शीघ्र इन सभी समस्या का निराकरण किया जावेगा। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन गरियाबंद के जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, आई टी सेल गिरीश शर्मा, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि गीता शरणागत, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सोनवानी, जिला सचिव सुरेश केला, जिला उपाध्यक्ष,सलीम मेमन जिला महामंत्री आर एस कंवर, नारायण निषाद, ओमप्रकाश वर्मा, जितेंद्र साहू ,दिनेश निर्मलकर, भूपेन्द्र गिरि गोस्वामी, ईरफान कुरैशी, देवानंद साहू, अनिता मेश्राम, धनेंद्र कुमार निराला उपस्थित थे।

# प्लस 55 के यात्रियों को श्रीराम लला दर्शन की सुविधा होगी उपलब्ध : कलेक्टर अग्रवाल

**गरियाबंद।** धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जायेगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस योजना के प्रारंभिक तैयारियों के लिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए निकाय स्तर पर निगरानी समिति का गठन, नोडल अधिकारी की नियुक्ति एवं दर्शन के लिए हितग्राहियों के चयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को श्रीराम लला दर्शन सुविधा उपलब्ध होगी। इसके पश्चात अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी। उन्होंने जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को प्रारंभिक तौर पर हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित करने एवं उनका चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। साथ ही हितग्राहियों की विस्तृत जानकारी संकलित करने एक प्रारूप बनाने के भी निर्देश दिये। जिसमें हितग्राही का नाम, पता, मोबाईल नम्बर, नजदीकी रिश्तेदार का नाम पता भी एन्ट्री करने के निर्देश दिये। योजना अंतर्गत जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी।

- नोडल अधिकारी की नियुक्ति एवं हितग्राहियों के चयन के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश

# जहां युवा वर्ग रचनात्मक कार्य करते हैं वहां के विकास को कोई रोक नहीं सकता : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर




समीपस्थ ग्राम जोगीडीपा में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर 12 जनवरी से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक की विशेष आंमत्रण पर पूर्व सासंद महासमुंद चन्दुलाल साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव कार्यक्रम के दूसरे दिन दोपहर आयोजक एंव खिलाड़ी की उत्साह बढ़ाने पहुंचे। सरपंच रामजी साहू, आयोजन समिति अध्यक्ष राजेन्द यादव, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, सचिव मिथलेश नेताम, कोषाध्यक्ष गोपी ध्रुव ने फुल माला से स्वागत किया गया और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। पूर्व सासंद चन्दुलाल साहू ने उपस्थित जनो को सम्बोधित करते कहा युवा शब्द से ही उत्साह, स्फुर्ति, सक्रियता आदि गुणों का बोध होता है। युवा शब्द वास्तव में आयु रूप, अर्थ प्रदान करने से परे सकारात्मक गुणों, सक्रिय व्यक्तित्व का बोध अधिक करवाता है। जहां युवा वर्ग रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य करते हैं वहां के विकास कार्य को कोई रोक नहीं सकता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था अच्छा करो अच्छा बनो, उनके सिद्धांत को यहां के युवा वर्ग पालन कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भगवा का झंडा फहराया है। उसी तरह विश्व स्तर में हमारे देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जी काश्मीर से चन्द्रमा तक तिरंगा फहराया है। उससे प्रेरणा लेकर जोगीडीपा के स्वामी विवेकानंद संगठन द्वारा गांव एंव क्षेत्र में के भाव प्रेरणा दे रहे हैं। ऐसे ही युवाओ से ही यूवा दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

## अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण में विभिन्न कौशलों की दी

# माताओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर







संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण भाटापारा परसदाकला संकुल केन्द्र परसदाकला में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, प्रधान पाठक राकेश कुमार पाण्डेय, संकुल समन्वयक टोकेश साहू मास्टर ट्रेनर मेनका धुव्र एवं संकुल से पहुंचे महिला शिक्षिका की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा -अर्चना कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्राचार्य ठाकुर सर ने कहा अंगना म शिक्षा बच्चों को खेल, खेल में माताए अपने बच्चों को घर पर रहकर किस प्रकार से सरल से सरल विधि से पढ़ा सकते है। इसके अलावा शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कौशलों का बड़े ही सरल विधि से परिचित कराते हुए ज्यादा से ज्यादा अंगना म शिक्षा के बुनियाद को मजबूती प्रदान करते हुए माताओं को इससे जोड़ना है ताकि शिक्षा को और भी ज्यादा कारगर साबित हो इसके साथ ही प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के खेत के माध्यम से मनोरंजन हेतु आयोजन रखा गया।

### गणितीय कौशल को बताया

जिसमें एक्टिव मदर्स माताऐं परसदाकला संकुल अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। मेनका धुव्र ने कुर्सी दौड़ के माध्यम से गणितीय कौशल को बताया। प्रधान पाठक राकेश कुमार पाण्डेय ने भाषाई कौशल को बताया तथा अक्षर ज्ञान को माताएं बच्चों को खेल - खेल में ज्ञान करा सकती है। एक्टिव मदर्स को पुरस्कृत भी किया गया। प्रशिक्षण का संचालन धनसाय पटेल एवं आभार शिक्षिका तेजकुमारी दीवान ने किया।

